पंजाब केसरी 09/11/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में रिज्यूमे तैयार करने पर हुआ लैक्चर

अम्बाला, 8 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में प्रबंधन विभाग एवं कॉमर्स विभाग द्वारा रि%यूमे तैयार करने पर लैक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें 60 बी.बी.ए. और बी.कॉम के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस दौरान विशेषज्ञ अंकुर ग्रोवर ने रि%यूमे बनाने को लेकर विद्यार्थियों के साथ कुछ टिप्स साझा किया। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन के बारे मे बताया और स्वयं को प्लेसमैंट के लिया तैयार करने के लिए प्रेरित किया।

विभागाध्यक्ष डा. भारती विज ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम के विषय से अवगत करवाया। इस अवसर पर डा. सुरेंद्र सिंह, डा. रवनीत कौर, डा. अमिता, प्रो. जसमीत और प्रो. रितिका विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जी.एम.एन. कॉलेज में रिज्यूमे तैयार करने पर लैक्चर देने आए विशेषज्ञ का स्वागत करते आयोजक। (देवदत्त)